प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य सरकार उन्नति का पहिया योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया जा रहा है। इस सिलसिले में हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में विधायक अंबा प्रसाद ने साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान दो सौ साठ छात्र–छात्राओं को साइकिल दी गयी। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल काफी सराहनीय है।

****

रांची क्षेत्र के आईजी अखिलेश झा ने कल देर रात रांची के ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार और बाइक चालकों की चेकिंग भी की। निरीक्षण के दौरान आईजी ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से भी कई जानकारियां ली। आईजी अखिलेश झा ने आज बताया कि पेट्रोलिंग और पुलिस स्टेशन में पदाधिकारी कैसे काम करते हैं, इन सब विषयों पर समीक्षा की गई। इस दौरान कई दिशा–निर्देश भी दिए गए। अपराध प्रभावित क्षेत्र में ज्यादा पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया।

****

भारत निर्वाचन आयोग की एक टीम आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही है। पतरातू में यह टीम दो दिनों तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगी। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास की अध्यक्षता वाली इस टीम में छह अन्य अधिकारी शामिल हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों में खाली पड़े 30 हजार से अधिक पदों को सितंबर तक भरने के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन की कमी से सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने खासमहल के सदर अंचल में कार्यरत कर्मचारी, ओहदार तिर्की को चार हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला बुधवार दोपहर का है। बताया गया है कि ओहदार तिर्की सदर अंचल में कार्यरत था। ओहदार तिर्की पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति से उसके कार्य को पूरा करने के एवज में चार हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने योजना बनाकर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया और उसके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद की।

****

रांची पुलिस ने चर्चित डीपी ज्वेलर्स लूटकांड का खुलासा कर लिया है। कांड में शामिल आठ अपराधियों को पुलिस ने अलग–अलग ठिकानों से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इस लूटकांड को पलामू के एक गिरोह ने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूट का 950 ग्राम चांदी, 450 ग्राम सोना, एक लाख 65 हजार नगद सहित पांच हथियार बरामद किए गए हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लूट की पूरी योजना उड़ीसा के राउरकेला में बनाई गई थी।

****

गिरीडीह में अधिवक्ताओं ने भारतीय न्याय संहिता का स्वागत किया है। गिरीडीह अधिवक्ता संघ के महाचिव चुन्नूकांत ने कहा है कि अंग्रजों के समय निर्मित कानून दण्ड व्यवस्था पर आधारित था। जबकि नया भारतीय कानून न्याय व्यवस्था पर आधारित है।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर में एनसीसी की 37वीं बटालियन की ओर से आयोजित 10 दिवसीय अंतर ग्रुप गर्वनर बैनर सह संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण संपन्न हो गया। शिविर में कोल्हान प्रमंडल के 39 शिक्षण संस्थानों और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रांची की सभी आठ एनसीसी बटालियनों के 687 कैडेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

****

हजारीबाग के वार्ड नंबर 21 में पड़ने वाले पेलावल रोड की स्थिति बारिश के कारण जर्जर हो चूकी थी। इसको देखते हुए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद और कार्यकर्ताओं आज सड़क का निर्माण किया। उन्होने अलकतरा, चिप्स और गिट्टी के साथ श्रमदान कर सड़क का निर्माण किया।

****

राज्य में कमजोर पड़े मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में बारिश शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

***********समाप्त*************